राधे गोविंदा | By Ashwani Ashu

कभी संकट सताए तो राधा भजो
राधा रानी के चरणों में विनती करो
कष्ट जीवन में आये तो राधा भजो
बेड़ी जब डगमगाए तो राधा भजो
छोड़ चिंता सबन की ये कहते रहो
राधे गोविंदा गोविंदा, राधे गोविंदा 5

झूठा जग ये सताए तो राधा भजो
साथ सब छोड़ जाये तो राधा भजो
राधा चरणों की ऐसी कृपा है सुनी
कोई फरियाद रहती नहीं अनसुनी
हर कदम थाम लेगी ये भजते रहो
राधे गोविंदा गोविंदा, राधे गोविंदा 5

अपने हर स्वांस जीवन में राधा भजो
करके विश्वास चरनन में राधा भजो
लाड़ली की कृपा हो तो राधा भजो
हर्ष मन में भरा हो तो राधा भजो
सुख में दु:ख में सभी से ये कहते रहो
राधे गोविंदा गोविंदा, राधे गोविंदा 5

सेठ जग में बड़े पर सेठानी येही
सेठ सावरिया चरणों की किरपा बड़ी
जो भी मन से पुकारेगा हे लाड़ली
श्याम से पहले आके करेगी भली
इसलिए राधे गोविंदा हर पल कहो
राधे गोविंदा गोविंदा, राधे गोविंदा 5

जीतना मन को चाहो तो राधा भजो
खुद को दोषी जो पाओ तो राधा भजो
क्रोध वाणी में आये तो राधा भजो
कोई दिल तोड़ जाए तो राधा भजो
नाम की लाज रखने को आते प्रभु
राधे गोविंदा गोविंदा, राधे गोविंदा 5

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%be-by-ashwani-ashu/